प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्र आज मना रहा है 76वां गणतंत्र दिवस, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की लेंगी सलामी ।
2. झारखंड में धूमधाम से मनाया जा रहा है गणतंत्र दिवस, रांची में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और दुमका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे झंडोत्तोलन।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कहा– आदिवासी समाज के उत्थान का प्रयास जारी, एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक को सुसंगत शासन की दिशा में बताया परिवर्तनकारी कदम।
4. राष्ट्रपति ने वर्ष 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को दी मंजूरी, शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण, झारखंड के नागपुरी कलाकार राजा महावीर नायक को पद्मश्री।
5. दिल्ली में आयोजित स्कूली पाइप बैंड प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम बनी चौंपियन, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत। और,
6. हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग का फाइनल मैच आज रांची में रात सवा आठ बजे से, सूरमा हॉकी क्लब और ओडिसा वरियर्स के बीच होगा खिताबी मुकाबला।

******************

राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह 9 बजे कर्तव्य पथ पर तिरंगा फहराएंगी। इसके बाद वे नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की सलामी लेंगी। गणतंत्र दिवस परेड सुबह साढे दस बजे शुरू होगी और लगभग 90 मिनट तक चलेगी।

******************

इधर, झारखंड में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। राज्य में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा, जहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार अब से थोड़ी देर बाद झंडोत्तोलन करेंगे। इसके बाद सशस्त्र बल की परेड का निरीक्षण करेंगे। उधर, दुमका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन समारोह में हिस्सा लेने के लिए दुमका पहुंच गये हैं।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि संसद में पेश एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक में सुशासन की शर्तों को फिर से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव शासन में निरंतरता को बढ़ावा दे सकता है।

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाने का निर्णय सराहनीय है।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को मंजूरी दी है। इस सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं हैं। भारतीय लेखक एमटी वासुदेवन नायर, सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी और गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। गायक पंकज उधास और अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया है। हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और क्रिकेट खिलाडी रविचंद्रन अश्विन तथा फुटबॉल खिलाड़ी आईएम विजयन को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

******************

झारखंड के प्रसिद्ध नागपुरी गायक और भिनसरिया राग के राजा महावीर नायक को पद्मश्री सम्मान देने की घोषणा की गयी है। इनसे पहले झारखंड के मुकुंद नायक और मधु मंसूरी हंसमुख को पद्मश्री मिल चुका है। महावीर नायक ने गायिकी के अलावा झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन में शामिल रहे हैं। वे 1962 से ठेठ नागपुरी गीत गा रहे हैं। उन्होंने नागपुरी गीत–संगीत में 50 वर्षों से अधिक का लंबा सफर तय किया है।

******************

नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्कूली बैंड प्रतियोगिता में झारखंड का बेहतर प्रदर्शन रहा। पूर्वी सिंहभूम के पटमदा स्थित पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं पाइप बैंड वर्ग में शानदार जीत दर्ज कर नेशनल चैंपियन बनीं। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पुरस्कृत किया। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि भारत माता का जयकारा हमें ऊर्जा और प्रोत्साहन देता है।

******************

पलामू जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 15 हजार से ज्यादा लाभुक अयोग्य पाये गये हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

******************

हॉकी इंडिया लीग के पुरुष वर्ग में कल राउरकेला में खेले गये एक मैच में टीम गोनासिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु ड्रैगंस को 4–2 से हरा दिया। इधर आज रांची में महिला वर्ग का फाइनल मैच खेला जायेगा। मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में सूरमा हॉकी क्लब और ओडिसा वरियर्स के बीच खिताबी मुकाबला होगा।

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पद्म अवार्ड की घोषणा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– शारदा सिन्हा को पद्म विभूषण, झारखंड के महावीर नायक को पद्मश्री सम्मान।

हिन्दुस्तान ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में झारखंड को मिले पुरस्कार और सम्मान की खबर को पहले पन्ने पर, झारखंड सेवा और कर्तव्य निभाने में आगे शीर्षक से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– पद्मश्री मुकुंद और मधु के गुरु महाबीर नायक को मिलेगा पद्मश्री।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– कर्तव्य पथ पर दिखेगी भारत के विकास और विरासत की झलक।

**************